डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | फाल्गुणे शुक्ल पक्ष,06 – 2082 | भोपाल,दिन सोमवार,दिनांक 23 फरवरी 2026

न्यूज गैलरी

बीयू में एनएसयूआई का शांतिपूर्ण प्रदर्शन आज

भोपाल। राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में अवैध रूप से रह रहे बाहरी व्यक्तियों एवं नशे की गतिविधियों के विरोध में सोमवार को दोपहर 12 बजे विधि परिसर में शांतिपूर्ण छात्र प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। बीयू के एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के अनुसार हाल ही में हुई जांच में हॉस्टल परिसर में संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले हैं, जिससे छात्रों में असुरक्षा का वातावरण है। समूह कहना है कि प्रदर्शन के दौरान विधि प्रशासन से इस मामले में तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को एरियर

भोपाल। मध्य प्रदेश श्रम आयुक्त कार्यालय ने आदेश जारी कर विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को 2024 में बढ़ाए गए वेतन की अंतर राशि का भुगतान एरियर के रूप में किया जाए। मप्र कर्मचारी संघ की प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मार्च 2024 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विशेष घोषणा कर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का वेतन 2000 प्रतिमाह बढ़ाया था। मार्च 24 से मार्च 2026 के बीच की अंतर राशि का भुगतान श्रम मंत्रालय के आदेश के बावजूद विभागों द्वारा नहीं किया जा रहा था, क्योंकि श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर ने स्पष्ट आदेश जारी नहीं की थी।

मधुमक्खियों का हमला एक की मौत, कई घायल

भोपाल। प्यार जिले के जैदपुरी क्षेत्र में आने वाले ग्राम झिरपी बापड़ी में आयोजित मृत्यु भोज कार्यक्रम में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब पास के पेड़ों पर लगे छत्तों से हजारों की संख्या में मधुमक्खियां अचानक उड़कर लोगों पर टूट पड़ीं। मधुमक्खियों के हमले से लोगों को संभलने या छिपने का मौका तक नहीं मिला। इस हमले में नाताला निवासी हुसैन पिता गुलाब को मधुमक्खियों ने इतनी बुरी तरह डंक मारा कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हमले में घायल हुए अन्य 20 से अधिक लोगों में से 5 की स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। गंभीर घायलों को गुप्त दान को अस्पताल में रेफर किया गया, जबकि मामूली घायलों का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। इस घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि लोगों में अब मधुमक्खियों का खौफ है। वह घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

नायज होकर भागी, पुलिस ने लखनऊ से खोज निकाला

भोपाल। थाना हबीबगंज पुलिस ने गुमशुदा दो नाबालिग बालिकाओं को 12 घंटे के भीतर लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। 20 फरवरी को दोनों 15 वर्षीय छात्राएं स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों की सूचना पर गुमशुदगी–अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फोटो और हुलिया प्रसारित किए। रेलवे स्टेशन से मिली जानकारी के आधार पर टीम गठित की गई। तकनीकी सहायता से टीम लखनऊ पहुंची। पूछताछ में बालिकाओं ने परिजनों से नाराज होकर स्वयं ट्रेन से जाने की बात कही।

सीएम डॉ. मोहन पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव एवं पुस्तक विमोचन में हुए शामिल

मालवा की अनुकूल जलवायु व भौगोलिक स्थिति उद्योगों के लिए उपयुक्त: मुख्यमंत्री

पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में 40 वर्षों की औद्योगिक यात्रा का उत्सव

डीआर संवाददाता»भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के औद्योगिक विकास में मालवा का अपना विशिष्ट महत्व है। मालवा क्षेत्र की अनुकूल जलवायु और भौगोलिक स्थिति उद्योगों के लिए अत्यंत उपयुक्त है। दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों तक 8–लेन एक्सप्रेस–वे से दूरी कम होने से सप्लाइ चेन और लॉजिस्टिक्स की सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं। प्रदेश सरकार नए प्रोजेक्ट्स के परिचालन और आधारभूत संरचना को और मजबूत कर रही है।

डॉ. यादव रविवार को इंदौर में पीथमपुर औद्योगिक संगठन द्वारा पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव एवं पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीथमपुर औद्योगिक संगठन ने पिछले 40 वर्षों में औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि निवेश को और गति देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि निवेश को और गति देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर फाल्गुण शुक्ल पक्ष 02 – 2082 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 23 फरवरी 2026

न्यूज गैलरी

दिव्यांगता पहचान स्क्रीनिंग शिविर आज इछावर में

सीहोर। जिले में 0 से 18 वर्ष की उम्र के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए सभी जनपदों और नगरीय निकायों में स्क्रीनिंग शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड से विशेषज्ञ हर संभावित दिव्यांग बच्चे की पहचान करेंगे। सोमवार को इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष में शिविर लगेगा।

लेखा प्रशिक्षण 1 अप्रैल से, आवेदन 16 तक जमा करें

सीहोर। लेखा प्रशिक्षण शाला भोपाल में नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से शुरू होगा। सत्र 30 जून तक चलेगा। इच्छुक भोपाल और नर्मदापुरम नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों के विभिन्न वर्गीय शासकीय कर्मचारी आवेदन पत्र तीन मूल प्रतियों में तैयार 16 मार्च तक इसे जमा करना होगा।

अवसर: सुरक्षा गार्ड भर्ती कैंप आज इछावर में

सीहोर। जिले के जनपद पंचायत इछावर में सोमवार को सुरक्षा गार्ड भर्ती कैंप लगेगा। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित युवाओं को एसएसआईआई सिक्योरिटी गार्ड कंपनी नीमच द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

आयुष्मान कार्ड बनाना अब और हुआ आसान

सीहोर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पोर्टल लिंक "[illegible]" पर पहचानपत्र/मोबाइल नंबर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। लिंक पर जाकर आधार का सत्यापन करें, इसके बाद स्कीम पर क्लिक कर भवन, राज्य का चुने फिर आधार नंबर डालें। ओटीपी को पोर्टल पर दर्ज कर देंगे, आपका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा।

बिजली मीटर से छेड़छाड़ पर होगी कार्रवाई

सीहोर। अब बिजली चोरी की खैर नहीं है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सख्ती बढ़ा दी है। यदि बिजली के मीटर में जानबूझकर छेड़छाड़ पाई जाती है, तो ऐसा करने वाले के खिलाफ धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी।

एससी छात्रों के लिए 3 दिन का प्रशिक्षण शुरू

सीहोर। आरएके कृषि महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स कार्यक्रम की शुरुआत रविवार से हुई। कार्यक्रम 24 फरवरी तक चलेगा। इसे कम्युनिकेशन ट्रेनिंग एंड कंटेंट सॉल्यूशंस, पुणे के सहयोग से संचालित किया जा रहा है हसरती गुप्ता ने विद्यार्थियों से कहा कि वे तीन दिन पूरे मन से प्रशिक्षण में भाग लें। प्रशिक्षण का पूरा लाभ लें। व्यक्तित्व निखारें। भविष्य में करियर बेहतर बनाएं। पहले सत्र में कॉसल रावत ने व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स पर व्याख्यान दिया। उन्होंने संप्रेषण कौशल, आत्मविश्वास, व्यवहारिक दक्षता, प्रस्तुतीकरण कौशल, व्यावसायिक आचरण पर बात की। कार्यक्रम में 70 से अधिक विद्यार्थियों और फैकल्टी मेंबर्स ने सक्रिय भागीदारी की। मौके पर जीएस गहिये, डीके

लोकार्पण

राजस्व मंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री ने सीहोर में किया राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण

राजा भोज केवल एक पराक्रमी राजा ही नहीं बल्कि ज्ञान, संस्कृति, न्याय और सुशासन के प्रतीक थे – राजस्व मंत्री

डीआर संवाददाता»सीहोर

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा तथा उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदरसिंह परमार ने सीहोर में परमार समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महान सम्राट राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि महान सम्राट राजा भोज केवल एक पराक्रमी राजा ही नहीं बल्कि ज्ञान, संस्कृति, न्याय और सुशासन के प्रतीक थे। उन्होंने अपने शासनकाल में शिक्षा, साहित्य, जल प्रबंधन, वास्तुकला तथा लोककल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए। राजा भोज ने समाज को यह संदेश दिया कि सशक्त शासन वही होता है जो जनता के हित, ज्ञान के विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए समर्पित हो। उन्होंने कहा कि आज भी राजा भोज की कार्यशैली प्रशासन और जनसेवा के लिए प्रेरणास्पद है। प्रदेश सरकार उनके आदर्शों पर चलते हुए विकास, शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि राजा राजा भोज भारतीय इतिहास के ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने शिक्षा और ज्ञान को शासन की आधारशिला बनाया। उन्होंने अनेक ग्रन्थों की रचना कर विद्वता की नई परंपरा स्थापित की तथा गुरुकुल और शिक्षण संस्थानों को संरक्षण देकर ज्ञान की धारा को आगे बढ़ाया। उनके द्वारा रचित प्रमुख ग्रंथों में युक्तिकल्पतरु और समुद्रसूत्रसूत्रम प्रमुख हैं। राजा भोज जैसे आध्यात्मिक चेतना के केंद्र नहीं थे, बल्कि टेक्नोलॉजी निर्माण के क्षेत्र में भी पारंगत बहुत योगदान है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को राजा भोज से ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे बड़ा माध्यम है और राजा भोज की विचारधारा आज भी नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर और सशक्त भारत निर्माण की दिशा दिखाती है।

इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय पैराओलंपिक खिलाड़ी अंकित परमार, गौरव सन्नी महाजन, श्री विजेन्द्र परमार, सूरज सिंह परमार, शुजालपुर नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, सरिता परमार, हेमलता परमार, श्री पुरुषोत्तम कटारे, संजय सिंह परमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पेट्रोल डालकर आग लगाने की गंभीर घटना सामने आई

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले में एक 26 वर्षीय आदिवासी युवती द्वारा खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की गंभीर घटना सामने आई है। यह घटना रविवार दोपहर करीब 12:00 बजे मेसवा थाना क्षेत्र के लाडकुई गांव में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती ने अचानक सड़क पर पेट्रोल छिड़कर माचिस से आग लगा ली, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना को देखते ही ग्रामीण तुरंत मदद के लिए आगे आए और पानी डालकर आग बुझाई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। डायल–112 की टीम मौके पर पहुंची और युवती को तत्काल मेडिकल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस के अनुसार घायल महिला की पहचान विनीता पति सुनील उईके (26) निवासी गोंडी गुवाडिया के रूप में हुई है, जो पिछले करीब दो महीने से अपने मायके लाडकुई में रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (नायब तहसीलदार) ने अस्पताल में युवती के बयान दर्ज किए हैं।

सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने बताया कि फिलहाल महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है और मामले की जांच जारी है। शुरुआती पूछताछ में युवती ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। मेसवा के एसडीओपी रोशन जैन के मुताबिक अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया।

दादा–पोते समेत 3 लोग घायलय दो की हालत गंभीर होने पर किया रेफर

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले के इछावर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर गांव के पास दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में एक 7 वर्षीय बच्चे सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद पुलिस के 112 वाहन की मदद से सभी घायलों को शिफ्ट अस्पताल इछावर ले जाया गया, जहां से दो लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है, जबकि घायल बच्चे का इलाज इछावर में ही चलेगा है।

रामनगर गांव के पास हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, खालिया खेड़ी गांव के रहने वाले पहलाद अपने 7 वर्षीय पोते विनायक के साथ बाइक पर रामनगर होकर इछावर की ओर आ रहे थे। उसी समय दूसरी बाइक पर सवार होकर मुजाही गांव निवासी गुलाब सिंह इछावर की तरफ से रामनगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रामनगर गांव के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई।

प्रशिक्षण लेने 170 मूल्यांकनकर्ता आए थे, पहले दिन कॉपियां जांचने सिर्फ 24

डीआर संवाददाता»सीहोर

दो परीक्षाओं का रिजल्ट जल्दी जारी करने के लिए कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। इस बार नियम बदले गए हैं। संख्या भी बढ़ाई गई है। इसके बाद भी मूल्यांकनकर्ता संतोष नहीं दिखे। पहले दिन इसका उदाहरण सामने आया। जिन विषयों का मूल्यांकन होना है, उनके 170 मूल्यांकनकर्ताओं को एक दिन पहले प्रशिक्षण दिया गया था। उनी को सख्त हिदायत दी गई थी कि काम सुबह 10 बजे शुरू होगा। पहले दिन सिर्फ 24 शिक्षक ही मूल्यांकन करने पहुंचे।

समन्वयक संस्था ने सभी प्रावधों को पत्र भेजा है। मूल्यांकनकर्ताओं को जिला मूल्यांकन करना है, उनसे परीक्षा भी करानी है। कई शिक्षक केंद्राध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। कई सहायक केंद्राध्यक्ष भी मानी जा रही हैं कि जिनको मूल्यांकन करना है, उन्हें परीक्षा भी करानी है। कई शिक्षक लोकल स्कूलों की परीक्षाओं में भी लगे हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या बढ़ सकती है। जिले में मूल्यांकन के लिए करीब 700 मूल्यांकनकर्ताओं की जरूरत है।

पहले चरण के मूल्यांकन के लिए जिला मुख्यालय को समन्वय संस्था उपलब्ध कराई है 28 हजार कॉपियां पहुंची हैं। कॉपियों के आने का क्रम अभी जारी रहेगा। पहले चरण में जिले में करीब डेढ़ लाख कॉपियां जांची जाएंगी। सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक केंद्र पर मौजूद रहना होगा।

क्षत्रीय कुर्मी गौर समाज की साजिक बैठक में साजिक विवाह करने का निर्णय

37 वां सामाजिक विवाह अक्षय तृतीय का चांदबड़ में होगा

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

श्यामपुर। क्षत्रीय कुर्मी समाज की बैठक धनखेड़ी चांदबड़ पर हुई

क्षत्रीय कुर्मी गौर समाज की बैठक धनखेड़ी चांदबड़ पर हुई

श्यामपुर रोड स्थित धनखेड़ी चांदबड़ पर हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सामाजिक लोग शामिल हुए।

बैठक अक्षय तृतीय पर 37 वां सामाजिक सामुहिक विवाह सम्मेलन धनखेड़ी चांदबड़ में करने का निर्णय लिया गया। सभा सम्मान में चर्चा की एवं जोड़ों के नाम लिखे गए, जिसके अंतर्गत वर पक्ष से 15000 रूपए– की राशि एवं वधु पक्ष के लिए निःशुल्क रखने का तय किया गया। बैठक के दौरान अन्य विषय अध्यक्ष एवं सजातीय बंधुओं की सहमति से लिए चर्चा कर निर्णय लिए गए। अध्यक्ष मांगीलाल जी गौर, राम बागरी मो. न. 9630786791, सचिवकैलाश नारायण गौर ग्राम बरखेड़ा कलां मो. न. 8171[illegible]

आधुनिक भोजनशाला से 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन

डीआर संवाददाता»सीहोर

रंगपंचमी महोत्सव 2026 का समापन दो दिन पहले हो चुका है, इसकी पश्चात भी हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को समिति की ओर से भोजन प्रसादी का वितरण किया। रविवार को शाम पर आधुनिक भोजनशाला से 20 हजार लोगों के लिए भोजन प्रसादी की निशुल्क व्यवस्था के साथ पेयजल आदि की व्यवस्था की गई। समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि यहां पर निःशुल्क शाम से 10 से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु को भोजन निशुल्क व्यवस्था की जाती है, इसकी अलावा चिव महापुराण, महोत्सव के दौरान पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी बनाने की व्यवस्था की जाती है। गत दिनों हुए लट्ठा महोत्सव में समिति ने वहां पर आने वाले लाखों की संख्या में नियमित रूप से पोटी, खिचड़ी, मिठाई, चावल आदि का वितरण किया था।

रविवार को सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने हजारों की संख्या में शाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं से भेंट की। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित नाना ने बताया कि पंडित श्री मिश्रा की आगामी कथा 24 फरवरी से दो मार्च महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित होगी। इसके लिए सोमवार को वह रवाना होंगे। शाम पर लगातार सात दिवसीय रंगपंचमी महोत्सव में संपूर्ण प्रशासन, समिति, राहगीर और ग्रामीणों ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर समन्वय से कार्यक्रम को सफल रखा है।

धूप खिलने से राहत

तीन दिन की बारिश के बाद खिली धूप: चिंता, फसलें पककर तैयार

बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी गेहूं और चने की फसलें गीली हो गई थीं

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में तीन दिनों तक रुक–रुक कर हुई बारिश के बाद रविवार सुबह से मौसम साफ हो गया है। तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी गेहूं और चने की फसलें गीली हो गई थीं, जिन्हें अब किसान धूप में सुखा रहे हैं। पिछले तीन दिनों से जिले में हल्की बारिश हो रही थी और आसमान में काले बादल छाए हुए थे। इस समय गेहूं और चने की कटाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में बारिश से कटी हुई फसलों को नुकसान होने का डर बना हुआ था। गीली फसल को सुरक्षित रखना किसानों के लिए चुनौती बन गया था।

फरवरी में बदला मौसम का मिजाज फरवरी महीने ने सीहोर के लोगों ने मौसम के अलग–अलग रूप देखे हैं। महीने की शुरुआत में घना कोहरा छाया रहा। दूसरे सप्ताह में ठंड बढ़ी। इसके बाद तीसरे सप्ताह के अंत में अचानक तीन दिनों तक बारिश हुई। अब फिर से मौसम साफ है और तेज धूप निकल रही है।

पश्चिमी विक्षोभ से हो रहा बदलाव

क्षेत्रीय कृषि मौसम विज्ञान केंद्र के नोडल वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. लोधा के अनुसार, मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के सक्रिय होने और हवाओं की दिशा बदलने के कारण हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भी मौसम में इसी तरह उतार–चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

मौसम में बदलाव के साथ तापमान में भी लगातार परिवर्तन दर्ज किया गया है। 15 फरवरी को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस था। 17 फरवरी को यह बढ़कर 19 डिग्री हो गया। फिर 19 फरवरी को गिरकर 11 डिग्री तक पहुंच गया। 22 फरवरी को एक बार फिर यह बढ़कर 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

टीम ने जब्त किया 03 जेसीबी मशीन सहित एक लोडर

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बसवगुरू के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधनी एवं रेहटी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जेमावर में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा अवैध रेत उत्खनन में संलग्न 03 जेसीबी मशीन और 01 लोडर जब्त कर रेहटी थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी श्री धर्मेंद्र चौहान बताया कि जब्त किए गए वाहनों पर खनिज नियमों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर फाल्गुण शुक्ल पक्ष 05- 2082 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 23 फरवरी 2026

न्यूज गैलरी

रमजान शुरू होते ही आष्टा के पुराने बस स्टैंड पर अफ्तारी बाजार सजा

आष्टा। रमजान का मुबारक महीना शुरू होते ही नगर के कई हिस्सों में चहल-पहल बढ़ गई है। शाम होते ही पुराना बस स्टैंड पर अफ्तारी की दुकानों से पूरा बाजार सजा दिखता है। शाम के समय यहां काफी भीड़ रहती है। रमजान आते ही मुस्लिम समाज में खास रौनक दिख रही है। बाजारों में आवाजाही बढ़ी है। मस्जिदों की साफ-सफाई हो चुकी है। सजावट भी की गई है। रोजेदारों ने जरूरी सामान की खरीदारी कर ली है। खजूर, फल, शरबत, अन्य जरूरी चीजों की दुकानों पर भीड़ नजर आ रही है। रमजान को इबादत और नेकी का महीना माना जाता है। लोग ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत कर रहे हैं। तस्बीह और जिक्र में वक्त दे रहे हैं। गुनाहों की माफी मांग रहे हैं। जकात और सदकात देकर गरीबों की मदद की भी इलाजान किया जा रहा है। जकातमंदों तक राहत पहुंचाने की कोशिश हो रही है। रात में मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की जा रही है। इमाम कुरआन की तिलावत की जाएगी। इबादत की वजह से शांत माहौल देखा गया है।

नरवाई जलाने पर लगेगा जुर्माना, तहसीलदार ने किसानों को चेताया

आष्टा। रबी फसलों की कटाई का समय शुरू होने वाला है। खेत साफ करने के लिए नरवाई या पराली जलाने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। नरवाई जलाना मिट्टी के लिए नुकसानदायक है। पर्यावरण को भी नुकसान होता है। इससे फसलों का जोहार भी नष्ट हो जाता है। नरवाई जलाने के दौरान फसल के खेतों में रखी मशीन जल जाती है। जनधन की हानि होती है। पशु पक्षी जलकर मर जाते हैं। कई बार आग बेकाबू हो जाती है। नुकसान बहुत ज्यादा हो जाता है। इसकी सफाई असंभव होती है। इसलिए नरवाई जलाने की घटनाओं की रोकथाम जरूरी है।

मालवीय बलाई समाजस्त विवाह योग्य युवक युवतियों की बुकलेट बनेगी

आष्टा। आजाद समाज सेवा समिति की विशेष बैठक मालवीय नगर में हुई। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मनोहर सिंह मालवीय ने की। बैठक में तय हुआ कि मालवीय बलाई समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के संबंध के लिए बायोडाटा लेकर बुकलेट बनाई जाएगी। हर रविवार को मालवीय नगर आष्टा में स्थायी रूप से जानकारी दी जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी 26 अप्रैल 2026 को सर्व जाति सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन किया जाएगा। बैठक में मुकेश सोलंकी, करण सिंह पचलासिया, तेज सिंह मोहान सत्यम आदि शामिल थे।

रामपुरा डेम के पानी से जल्दी लबालब होगी पार्वती नदी

आष्टा। नगर की जीवन दायिनी पार्वती नदी के सुखने के बाद नगर में जल संकट की स्थिति नहीं बने इसके लिए नगर पालिका ने 10 फरवरी को सिंचाई विभाग के रामपुरा डेम से नगर के लिए रिजर्व रहने वाले बार एमसीएम में से दो एमसीएम पानी छुडवाया था जिससे नगर की जलपूर्ति आसानी से हो सके। रविवार की सुबह 7 बजे डेम का पानी पार्वती बैराज तक पहुंच गया था। बैराज को लबालब भरने में तीन से चार दिन का समय लगेगा। उक्त पानी की वजह से पंताल से नहीं

प्रदर्शन

बुधनी क्षेत्र में अवैध शराब पर महिलाओं का प्रदर्शन

नर्मदा किनारे प्रतिबंध के बावजूद बिक्री, डायरी सिस्टम से होम डिलीवरी का आरोप

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले के बुधनी विकासखण्ड क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री गंभीर समस्या बनती जा रही है। नर्मदा किनारे बसे गांवों में प्रतिबंध के बावजूद शराब खुलेआम बिकने से नाराज ग्रामीण महिलाओं ने रविवार को गोपालपुर थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्राम पिपलानी और पंडरी की बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर थाने पहुंचीं और अवैध शराब बरोबार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

महिलाओं ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में अवैध शराब बेचने वालों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन ने जल्द सख्त कदम नहीं उठाए तो ठोस स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महिलाओं का कहना है कि शराब की वजह से गांवों का सामाजिक माहौल लगातार खराब हो रहा है और कई परिवार आर्थिक व मानसिक संकट से गुजर रहे हैं।

परिवार टूट रहे, घरेलू हिंसा बढ़ने का आरोप

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि गांवों में धड़ल्ले से बिक रही शराब ने रोजाना परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। पुरुष अपनी मेहनत की कमाई शराब में खर्च कर दे रहे हैं जिससे घरों में विवाद बढ़ रहे हैं। कई मामलों में महिलाओं के साथ मारपीट और घरेलू हिंसा की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

महिलाओं का कहना है कि शराब की लत के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और परिवारों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की अनदेखी के कारण अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

"डायरी सिस्टम" से होम डिलीवरी का आरोप

महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांवों में "डायरी सिस्टम" के जरिए अवैध शराब की होम डिलीवरी की जा रही है। गांव में अधिकृत शराब दुकानें नहीं होने के बावजूद बिक्रेता दूरदराज और कुछ घर्षे से आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। इससे स्पष्ट होता है कि अवैध शराब तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है।

महिलाओं ने कहा कि इस अवैध कारोबार के कारण युवा तेजी से नशे के आदी हो रहे हैं, जिससे अपराध और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने पुलिस से निगरानी कार्रवाई, निगरानी बढ़ाने और अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद कराने की मांग की।

थाना प्रभारी ने महिलाओं को भरोसे की बात कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया

सिद्दीकगंज थाना प्रभारी पर आरोपियों को बचाने, कैश न करने का आरोप

डीआर संवाददाता>>आष्टा

आष्टा में शासकीय कार्य के दौरान एक पीसीओ और रंगिय पर हमला हुआ है। आरोप है कि सिद्दीकगंज थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की और पीड़ितों के साथ अभद्रता की।

जानकारी के अनुसार, अनुसूचित वर्ग के पीसीओ विकास मालवीय और ग्राम नुवाड़िया कल्याण के सचिव पर ग्राम लालगुलेड़ी में शासकीय कार्य करते समय हमला किया गया। यह घटना हाल ही में हुई।

पीसीओ विकास मालवीय का आरोप है कि थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल ने उनकी शिकायत पर गए दर्ज करने से इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि थाना प्रभारी ने अवैध्य नहीं लिए, उनके साथ अभद्रता की और गाली-गलौज कर उन्हें थाने से भगा दिया। पीड़ितों का कहना है कि थाना प्रभारी अपराधियों को बचा रहे हैं।

इस घटना और थाना प्रभारी के कथित दुर्व्यवहार के विरोध में जनपद पंचायत आष्टा ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। जनपद पंचायत आष्टा के राजेश शर्मा ने बताया कि सोमवार, 23 फरवरी को जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में तालाबंदी हड़ताल की जाएगी।

इसके बाद दोपहर 12 बजे आष्टा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बाद में सीहोर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन देने की योजना है। इस दौरान सभी सरपंच, सचिव, वार्ड और जनपद सदस्य सोमवार को दोपहर 12 बजे जनपद परिसर में एकत्रित रहेंगे।

ग्राम लसूडिया परिहार में एनएसएस छात्र इकाई द्वारा 07 दिवसीय शिविर आयोजित

डीआर संवाददाता>>बुदनी

सीहोर के प्रज्ञानंदी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा ग्राम लसूडिया परिहार में 07 दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता रैली तथा सामुदायिक संपर्क जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया।

समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करती है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शैलानंद गुप्ता ने कहा कि एनएसएस शिविर के विकास का सराहनीय है। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक श्री राहुल राजपूत एवं स्वयं रोविका सुर्वे सहित मौजूद रहे।

रात्रा में अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर, परखच्चे उड़े, चालक बचा

डीआर संवाददाता>>गैरबा

रात्रा इलाके में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात भीषण सड़क हादसा हुआ। अज्ञात वाहन ने संदिग्ध हरियाणे की गाड़ी खुशी विमल एमजी 09 सीटी 2034 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में संदिग्ध हरियाणे की गाड़ी चोटें आईं।

जानकारी के मुताबिक संदिग्ध भोपाल से भैरूंदा होते हुए घर लौट रहे थे। रात्रा क्षेत्र में अज्ञातक अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। मौके पर जमकर-तबरी नच गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कार में फंसे संदिग्ध को बाहर निकाला। लोगों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि कोई चोट नहीं है। कार की हालत से हादसे की गंभीरता का अंदाजा लगा। वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज, अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान हो।

स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशा मुक्ति पर हुई गतिविधियां

रेहटी। शासकीय महाविद्यालय रेहटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 16 से 22 फरवरी तक गंभेरा सह के ग्राम अहिलाखेड़ में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया। थीम रहा मेरा युवा भारत, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा। शिविर का शुभारंभ गंभेरा नदी की स्वच्छता रहा। शिविर प्रभारी डॉ. अंजलि गढ़वाल के संचालन में हुआ। शिविर में स्वच्छता अभियान चला। पानीपीन मुक्त अभियान हुआ। एड्स जागरूकता पर सत्र हुए। स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशा मुक्ति

बीएसआई मैदान पर वीआईटी भोपाल के तत्वाधान में अद्वित्य स्पोर्ट्स टूर्नामेंट

एसएलसीटी ने वीआईटी सी को दो विकेट से हराया, अनिवेश ने खेली 20 गेंद पर 41 रन की विस्फोटक पारी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर वीआईटी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में खेली जा रही स्पोर्ट्स मीट 2026 के दूसरे दिन चार मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच वीआईटी सी और एसएलसीटी के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में एसएलसीटी ने वीआईटी सी को दो विकेट से हराया। इसमें अनिवेश ने 41 रन और लेके ने 27 और आयुष कुमार वर्मा ने 20 रन की पारी खेली। इस मैच पर सरकार मैच के संचालक गणेश दीक्षित मन्नू, सीनियर खिलाड़ी मोहनित किशोरी, संजय पटेल, मदन मुशाहार आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं दूसरे मैच में वीआईटी बी ने एसएलसीटी को 68 से एक तरफा मुकाबले में हराया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए खेल प्रशिक्षक प्रशांत रिकारी, वरिष्ठ कोच अरविंद कुमार, ज्योतिष्य और चिंतन ने बताया कि रविवार को चार मैच खेले गए थे। इसमें पहले मुकाबले में करते हुए वीआईटी सी ने निर्धारित 10 ओवर में 107 रन बनाए थे। इसमें आयुष्मान ने 20 गेंद पर 28 रन, सुजल गुप्ता ने 13 गेंद पर 24 रन, उदय त्यागी ने नौ गेंद पर 20 रन की पारी खेली। इधर एसएलसीटी इलेवन की ओर से विपन मोहन ने दो ओवर में 18 रन देकर दो विकेट, मो. अफान ने दो ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट और कुशदीप सिंह ने दो ओवर में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएलसीटी ने निर्धारित लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल किया। इसमें अनिवेश सिंह ने 41 रन, केके ने 27 रन, मो. आफान ने 17 रन, आयुष कुमार वर्मा ने छह गेंद पर 20 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा वीआईटी सी की ओर से उदय त्यागी-विष्णु कुमार ने एक-एक विकेट हासिल किया। सोमवार को भी चार मैच खेले जाएंगे।

हज मुसाफिरों का हुआ मेडिकल स्क्रीनिंग व वैक्सीनेशन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए रेलवे ने सीहोर स्टेशन पर दो प्रमुख ट्रेनों अहमदाबाद-गोरखपुर और बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दे दी है। यह यात्री 23 फरवरी को भोपाल सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय अन्य अधिकारियों के साथ सीहोर स्टेशन पर इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर ठहराव का शुभारंभ करेंगे।

ट्रेनों का समय और शेड्यूल

गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस (19480)रू यह ट्रेन 23 फरवरी को शाम 5.20 बजे सीहोर आएगी और 5.30 बजे रवाना होगी।

अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (19459)रू यह ट्रेन 24 फरवरी से रोजाना शाम 7.14 बजे सीहोर पहुंचेगी।

बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस (19091) यह ट्रेन 23 फरवरी को शाम 7.14 बजे सीहोर स्टेशन पर रुकेगी।

गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस (19092) यह ट्रेन 24 फरवरी से शाम 5.28 बजे सीहोर स्टेशन पर आएगी।

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि सभी समय सारिणी की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट या रेल मदद ऐप के माध्यम से से सकते हैं।

श्रद्धालुओं की रवानगी

हजारों सेवादारों अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए हैं

शनिवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद हैं

डीआर संवाददाता>>सीहोर

रुद्राक्ष महोत्सव सुव्यवस्थित समाप्त हो गया है। देश के कोने-कोने से भोजन प्रसादी के लिए आए हजारों सेवादारों अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए हैं। अब तक के सारे महोत्सव के रिकार्ड टूटने के बाद वहां पर शनिवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद है। यहां पर श्रद्धालुओं को निशुल्क रूप से जारी निशुल्क भंडारे से भोजन प्रसादी की जा रही है। महोत्सव समाप्त होने के बावजूद, लोग पंताल से नहीं जाते और अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को दोबारा देखने या उनकी एक झलक पाने के लिए बैठे रहते हैं। ऐसा ही कुछ नजारा जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर दिखाई दे रहा है।

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने पंताल में पहुंचे थे, इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। यही अखंड हिन्दू फौज के बालक-बालिकाओं से समिति के समीप शुक्ता और पंडित विनय मिश्र आदि ने भेंट की। पंडित श्री मिश्र ने बताया कि श्री कुबेरेश्वर धाम में सात दिवसीय आयोजित भव्य रुद्राक्ष महोत्सव एवं श्री शिव महापुराण कथा के पावन अवसर पर अखंड हिंदू +फौज द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा व्यवस्था सहयोग एवं सनातन धर्म की रक्षा हेतु एवं निस्वार्थ, समर्पित और अनुशासित सेवाएं प्रदान की गईं, उसके लिए हम हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। आपकर सेवा-भाव, समर्पण और राष्ट्र एवं धर्म के प्रति अटूट निष्ठा इस महोत्सव की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार रही। आपके सहयोग से यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि धर्म, राष्ट्र और संस्कृति के गौरव का जीवंत प्रतीक बन सका। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और इसी प्रकार सनातन सेवा में आजीवन उत्साह निरंतर बढ़ता रहे।

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज पंडित शर्मा ने बताया कि भव्य रुद्राक्ष महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आस्था और उत्साह के साथ सम्पन्न किया गया है। शनिवार को सुबह से ही वहां

30 हजार रुपए का माल चुरा लिया

भैरूंदा। नगर के छतरी वाले कुए के पास स्थित एक किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। दुकान का पीछे का दरवाजा तोड़कर चोर अंदर घुसे और नगदी सहित करीब 30 हजार रुपए का माल चुरा लिया। जानकारी के अनुसार करियादी किशोर कुमार अग्रवाल रोज की तरह सुबह करीब 10 बजे अपनी दुकान खोलने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने देखा कि दुकान का पिछला दरवाजा टूटा हुआ है। अंदर जाकर जांच करने पर गल्ले में रखी लगभग 7 हजार रुपए की पिल्लर, 2 हजार नगद व किराना सामान गायब मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मामले में फरियादी के आवेदन पर भैरूंदा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक उमेश सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | फाल्गुन शुक्ल पक्ष-06,2082 | विदिशा, दिन सोमवार,दिनांक 23 फरवरी,2026

न्यूज गैलरी

आदर्श होली उत्सव समिति का जुलूस 4 मार्च को

विदिशा। आदर्श होली उत्सव समिति, विदिशा के तत्वावधान में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति एवं जन चेतना मंच विदिशा के सहयोग से 4 मार्च 2026 बुधवार को मायवगंज हास्पिटल रोड से रामजन्मोत्सव शोभायात्रा गई के निकाल से प्रातः 08 बजे परंपरागत जुलूस निकलेगा इस परंपरागत जुलूस में मुख्यविशेष भी शहर भ्रमण पर निकलेंगे।

भारत ओमान फीडर पर 5 घंटे बिजली बंद रही

सिरोंज। शहर के कई इलाकों के रहवासियों को रविवार को 5 घंटे से ज्यादा बिजली कटौती झेलनी पड़ी। बिजली कंपनी ने शनिवार को सूचना प्रसारित की थी। 11 केवी पॉवर हाउस फीडर, भारत ओमान फीडर पर रविवार को तार क्षमता वृद्धि का कार्य होना था। रविवार सुबह ठीक 10 बजे दोनों फीडर से जुड़े इलाकों की बिजली गुल हो गई।

कार्यकर्ताओं पर हमले की निष्पक्ष जांच की मांग

विदिशा। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने इंदौर, भोपाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश हो रही है। आम नागरिक भी हिंसा का शिकार हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

06 घंटे बिजली गुल, शिकायतों के बाद भी लोग रहे परेशान

विदिशा। गुरुवार शाम 6 बजे से छह घंटे तक बिजली गुल रही। सुबह से शुरू हुई कटौती के कारण घरों में पानी की सप्लाई रुक गई और छोटे कारोबारियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन देर तक समाधान नहीं हुआ।

अवैध होर्डिंग्स से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

विदिशा। शहर में बिजली के खंभों व विज्ञापनदारों पर लगे अवैध होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर अब यातायात के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। कई स्थानों पर खंभों के घेरों और आवश्यकता से अधिक प्रचार सामग्री होने से वाहन चालकों का ध्यान भटकता है और दुर्घटना प्रभावित होने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है।

मार्च को विदिशा आएंगे देवकीनंद ठाकुर 10

विदिशा। पुंडावन के संत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज 10 मार्च को सुबह 9 बजे मायवगंज में आयोजित विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे।

वर्ग-3 में 810 पदों पर नजर: नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले शिक्षित

विधानसभा में शिक्षक भर्ती की घोषणा से जागी उम्मीद, जिले में शिक्षकों के 3106 पद रिक्त

2014 में भर्ती कई शिक्षकों को क्रमोन्नति का है इंतजार

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

मध्यप्रदेश विधानसभा में 15 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा के बाद जिले के शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं।

18 फरवरी को वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा की गई घोषणा के बाद स्थानीय स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। जिले में वर्ग–1, वर्ग–2 और वर्ग–3 मिलाकर कुल 3106 पद खाली हैं। जिले में वर्ग–1 के 542 पद रिक्त हैं। इनमें विदिशा में 56, बासौदा 114, ग्यारसपुर 66, कुरवाई 60, नटेरन 91, सिरोंज 80

वर्तमान में दिसंबर में वर्ग एक के 542 और वर्ग दो के 1754 दोनों को मिलाकर

वर्ग 1 और 2 के खाली पदों की पदोन्नति के बाद तस्वीर होगी साफ

कुल 2229 पद रिक्त हैं। लेकिन पदोन्नति सूची जारी नहीं होने से रिक्त पदों की संख्या को लेकर संशय की स्थिति बरकरार बनी हुई है। क्योंकि वर्ग एक व वर्ग दो के रिक्त पद पर पदोन्नति से भरे जाना है।

कितने पद पदोन्नति से भरे जाएंगे और लटेरी में 75 पद शामिल हैं। इन पदों की पूर्ति मुख्यतः पदोन्नति से की जानी है। पदोन्नति सूची जारी होने के बाद शेष पदों पर वित्तीय वर्ष 2026–27 में भर्ती की संभावना है। वर्ग–2 में 1754 पद लंबे समय से रिक्त हैं। सर्वाधिक 431 पद सिरोंज में, 307 लटेरी, 282 नटेरन और 245 कुरवाई में खाली हैं। बासौदा 229, ग्यारसपुर 186, विदिशा 92 पद खाली हैं। इन पदों में से भी कई जिलाहाल सूची जारी न होने से स्थिति साफ नहीं हो पा रही है।

पदोन्नति सूची जारी हो जाने के बाद वर्ग एक व वर्ग दो के रिक्त पदों की तस्वीर साफ हो जाएगी। विधानसभा में शिक्षकों की भर्ती के एलान के बाद जागी उम्मीदें कई जिले में लंबे समय से वर्ग तीन के 810 पद शिक्षकों के खाली पड़े हैं।

शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होने

पद पदोन्नति से भरे जाने की बात कही जा रही है।

वर्ग–3 के 810 पदों पर सीधी भर्ती की संभावना है। कुरवाई 137, नटेरन 133, सिरोंज 171 और लटेरी (171) में सर्वाधिक पद रिक्त हैं। ग्यारसपुर में 61 और बासौदा में 99 यही विदिशा में 38 पद रिक्त हैं। एनपी बोर्ड की 10वीं 12वीं परीक्षाएं समाप्त होने के बाद जून से पहले भर्ती शिक्षण जारी की उम्मीद वित्तमंत्री द्वारा विधानसभा में प्रदेश में 15000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा के बाद जिले को कितने पद मिलेंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार शिक्षित बेरोजगारों को करना होगा। चर्चा जा रहा है कि अगला शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले लोक शिक्षण संचनालय द्वारा शिक्षकों की भर्ती हो सकती है।

रहा है। होने की संभावना जताई जा रही है। इससे बीएड और डीएड धारक युवाओं में उत्साह देखा जा रहा।

इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारी इरावती सिंह जाटव का कहना है कि शिक्षकों की पदोन्नति का मामला न्यायालय में लंबित है। वर्ग एक, वर्ग दो व वर्ग तीन के 3106 पद रिक्त हैं। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा की जाती है।

वर्ग 3 में होगी सीधी भर्ती,

बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

वित्तीय वर्ष 2026–27 के पेश बजट में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा राज्य विधानसभा के सदन पर 15 हजार शिक्षकों की भर्ती के एलान के बाद शिक्षक बनने की आस में बैठे शिक्षित बेरोजगारों की उम्मीद बढ़ गई है।

प्रदेश में एनपी बोर्ड 10वीं–12वीं की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा भर्ती निकाली जा सकती है। खास बात यह है कि शिक्षक बनने की आस में बैठे शिक्षक बेरोजगारों के सामने जिले में वर्ग तीन के 810 पद रिक्त होने के बाद भी आरक्षण से रिक्त पदों के बटवारे के बाद तस्वीर साफ हो पाएगी। सम्भव वर्ग के शिक्षित बेरोजगार टकटकी लगाए हैं।

महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ भरी हुंकार, थपले बजाकर निकाली रैली

विधायक टंडन बोले– मेरी बिरा में अवैध शराब बिकी तो रुकवाने खुद मैदान में आएंगे

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

छीलखेड़ा गांव में अवैध शराब के विरोध में महिलाओं ने हुंकार भर दी। रविवार को उन्होंने गांव के मुख्य – मार्ग पर रैली निकाली। इसमें सबसे आगे थपले बजाते हुए लोग चल रहे थे। महिलाएं अवैध शराब के खिलाफ नारे लगाते हुए चल रही थीं। इस रैली में विदिशा विधायक मुकेश टंडन भी शामिल हुए।

उन्होंने महिलाओं की मांग का समर्थन किया। मीडो से जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक को – फोन पर हिदायत दी। उन्होंने कहा कि – विदिशा विधानसभा में कहीं भी अवैध शराब बिकेगी तो वे विरोध के लिए खुद मैदान में उतरेंगे। यहीं रैली में शामिल महिलाओं को विधायक ने आश्वासन दिया कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। इससे गांव का वातावरण सुरक्षित रहेगा।

अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने गांव में निकाली रैली।

निर्देशों का करेंगे पालन

हमने कुछ दिन पहले भी आबकारी का दल छीलखेड़ा में कार्रवाई के लिए भेजा था। उस समय कोई अवैध शराब बेचता नहीं मिला था। यहां नंबर भी छोड़ा है। शिकायत मिलने पर फिर कार्रवाई की जाएगी। विधायक के निर्देशों का पालन किया जाएगा। शरद पाठक, जिला आबकारी अधिकारी, विदिशा शराब से मर रहे हैं युवा छीलखेड़ा की महिलाएं जनसुनवाई में भी अवैध शराब की शिकायत कर चुकी हैं। महिलाओं ने कहा कि गांव में कई युवाओं की मौत हो चुकी है। कई परिवार अवैध शराब के चलते आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं। महिलाओं ने कहा कि लोगों के पास पैसा न होने पर भी अवैध शराब बिकेगा उन्हें उधार में शराब देकर कर्जदार बना रहे हैं।

मासूम की मौत के बाद मुख्य चौराहे पर स्पीड ब्रेकर की मांग

डीआर संवाददाता ✉ गुलाबगंज

लगातार हो रहे सड़क हादसों से त्राहि त्राहि कर रहे ग्रामीणों ने रविवार को तहसीलदार जसन प्रसाद और को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मुख्य चौराहे और स्कूल मार्ग पर तुरंत स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की। इलियास खान, असद खान, रिजवान खान ने बताया कि अहमदनगर मार्ग से थाना क्षेत्र तक का चौराहा लंबे समय से हादसों का केंद्र बना है।

कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में तेज रफ्तार वाहन की भेंट में आने से 7 वर्षीय लयना घायल हो गई। मासूम अवान की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में शोक है। आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते स्पीड ब्रेकर बनते तो हादसा टल सकता था। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

गुटखा पाउच सहित 17 हजार नकदी और सामान ले उड़ चोर

तिली कॉलोनी में चोरों ने दुकान को बनाया निशान

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

तिली कॉलोनी में बीती रात एक किराना दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान के ताले तोड़कर लगभग 17 हजार रुपए नकद, गुटखा पाउच और अन्य किराना सामान चुरा ले गए। दुकानदार राजेंद्र रावनी रविवार सुबह जब दुकान पहुंचे, तो दुकान के ताले टूटे थे। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी।

उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में मदद कर रही है। दुकानदार राजेंद्र रावनी ने बताया कि उनकी दुकान से करीब 17 हजार रुपए नकद, उत्तरी के पाउच और महंगी टॉफियां सहित अन्य किराना सामान चोरी हुआ है। उन्होंने मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में हुई इस वारदात पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। स्थानीय निवासी नरेंद्र धनकानी ने भी सुबह दुकान के ताले टूटे होने और अंदर से नकदी व सामान गायब होने की पुष्टि की। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

एम्बुलेंस में जुड़वा बेटियों का जन्म, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

प्रसव में अभी लगभग 1.5 दिन शेष थे, समय से पहले हो गई डिलीवरी।

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

दोनों नवजात को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है।

लटेरी से जिला अस्पताल रेफर की गई एक गर्भवती महिला ने एंबुलेंस में जुड़वा बेटियों को जन्म दिया।

यह घटना बीती रात करीब 2 बजे हुई, जब रामनगर निवासी संतोष पत्नी विजय विश्वकर्मा को लटेरी के सामुदायिक अस्पताल से विदिशा भेजा जा रहा था। रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेंस स्टाफ ने सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित प्रसव कराया।

एंबुलेंस में तैनात डॉ. सुरेश कुमार और पायलट मनप्रीत सिंह ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की। महिला ने दो स्वस्थ बच्चियों को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा और दोनों नवजातों को जिला अस्पताल विदिशा में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारी के अनुसार, यह सिलेंडरी समय से पहले हुई है और दोनों बच्चियों का वजन सामान्य से कम है। उन्हें विशेष देखभाल के लिए एसएनसीयू वार्ड में रखा है।

यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में आज ज्ञापन

विदिशा। 27 फरवरी को रिलीज होने वाली फिल्म एवादव जी की लव स्टोरीज के विरोध में यादव महासभा द्वारा 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे विवेकानंद चौराहा से माननीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। यादव महासभा के प्रदेश महामंत्री शिवराज सिंह यादव ने बताया कि फिल्म के खिलाफ महाराजा की ओर से यह ज्ञापन उठाया जा रहा है।

20 फीट की जगह संकरी सीसी सड़क, लोगों ने काम

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

रामपुरा स्कूल के सामने से हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क को 20 फीट चौड़ा बनाने के लिए टेंडर हुआ है। ठेकेदार गड़बड़ी कर सीसी सड़क बना रहा था। रहवासी आशंकित हो गए। लोगों ने सीसी सड़क का निर्माण रुकवा दिया। जानकारी मिलने पर सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने मटेरियल की जांच कराई। नए निर्माण की गुणवत्ता ठीक पाई गई। पुराने निर्माण की गुणवत्ता की जांच अब कोर कटिंग कराकर की जाएगी। सीएमओ ने निर्देश दिए कि सड़क 20 फीट चौड़ाई में ही बने। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाया जाए। सड़क की चौड़ाई कम नहीं होनी चाहिए। ठेकेदार पार्षद के सामने का अतिक्रमण नहीं हटा रहा था। इससे कई जगह सड़क संकरी हो रही थी। इसी बात को लेकर लोगों में नाराजगी थी।

कलेक्टर गुप्ता ने आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को जिला आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्वात वाहनों की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब परिवहन में राजस्वात वाहनों को शीघ्र नीलामी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेखों को व्यवस्थित कर बस्ता बनाकर रखने को और प्रत्येक बस्ते में सूची संलग्न करने को कहा।

हरी झंडी दिखाई

जिपं अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया

उन्नत उद्यानिकी तकनीक सीखने उत्तरप्रदेश रवाना हुए तीस कृषक

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राज्य पोषित योजना अंतर्गत विदिशा जिले के कृषकों को उन्नत उद्यानिकी तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत जिले के 30 कृषकों का दल 22 से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थानों का भ्रमण कर प्रशिक्षण प्राप्त करेगा।

कृषक दल को आज रविवार को जिला पंचायत परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, जनपद पंचायत नटेरन की कृषि स्थायी समिति के सभापति श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा उद्यानिकीय विभाग के सहायक संचालक श्री एस एल सोलंकी द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।

सहायक संचालक श्री सोलंकी ने बताया कि कृषक दल प्रशिक्षण के दौरान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सिट्रस, झांसी, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ सब्ट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर, रहमानखेड़ा लखनऊ, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड अरोमेटिक प्लांट्स, लखनऊ, नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड में पंजीकृत महिलाओं स्थित नर्सरियों तथा आवार्ड नरेंद्र देव यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, कुमारगंज अयोध्या का भ्रमण करेंगे।

भ्रमण स्थलों पर कृषकों को फल, सब्जी, औषधीय एवं सुगंधित फसलों की उन्नत किस्मों, पौध उत्पादन, आधुनिक प्रबंधन तकनीकों एवं उद्यानिकी आधारित स्वरोजगार के संबंध में व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी।

इस प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के लिए ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रामचंद्र वर्मा को दल प्रभारी के रूप में अधिकृत किया गया है, जो कृषकों को प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कृषक अपने–अपने क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उद्यानिकी फसलों का विस्तार करेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी तथा जिले में उद्यानिकी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। यह कार्यक्रम कृषकों के कौशल विकास एवं कृषि आधारित आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

रायपुरा में सीसी निर्माण का विरोध, घटिया सामग्री और अतिक्रमण पर सीएमओ ने दिए जांच के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर के समक्ष शिकायत दर्ज कराते रहवासी।

वार्ड 9 और 10 में बन रही रायपुरा बस्ती में सीसी सड़क निर्माण का रविवार को रहवासियों ने विरोध कर दिया।

रहवासियों ने बताया कि कागजों में 20 फीट चौड़ी सड़क स्वीकृत है, लेकिन अतिक्रमण के कारण कई जगहों पर यह केवल 15 से 16 फीट ही बन पा रही है। रहवासियों ने निर्माण कार्य रुकवाते हुए ठेकेदार पर घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है, जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित हो सकती है। रहवासियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर घटिया निर्माण की समस्या उठाने पर उन्हें ठेकेदार के लोगों द्वारा धमकी दी जा रही है।

सीएमओ ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

स्थानीय निवासी अमित कुशवाह ने बताया कि स्वीकृत योजना के अनुसार 20 फीट चौड़ी सड़क बननी है, लेकिन सड़क किनारे बने मकानों और अन्य अतिक्रमणों के कारण पूरी चौड़ाई में निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने अतिक्रमण न हटाए जाने और निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की।

सूचना पर नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें दर्ज कराई है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | फाल्गुन शुक्ल पक्ष-06,2082 | विदिशा, दिन सोमवार,दिनांक 23 फरवरी,2026

न्यूज गैलरी

कांकरिया रोड पर खेत में युवक का शव मिला,

आशोक नगर। लंबे कर रही पुलिस फोटो शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाते हुए कमलेश्वर नगर में कांकरिया रोड पानी की टंकी के पीछे एक खेत में संदिग्ध को युवक का शव मिला। शव की पहचान श्यामलाल पिता बापूलाल मालवीय उम्र 30 साल निवासी वार्ड 14 के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि श्यामलाल शुक्रवार रात घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। खेत मालिक ने शव देखकर परिजनों व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

पुराने तहसील भवन के पास अधेड़ व्यक्ति का शव मिला

राजगढ़। शहर के ब्यावरा नाके पर स्थित पुराने तहसील भवन के पास परिसर को 50 साल के एक व्यक्ति का शव मिला। शव की शिनाख्त भंडु पुत्र गोरेलाल मेवाड़े के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार प्राथमिक तौर पर मौत की वजह अज्ञात बीमारी बताई गई है। मामले की जांच की जा रही है।

डिजिटल क्रांति के तहत एनसीईआरटी वाट्सएप पर

अशोकनगर। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाते हुए एनसीईआरटी आधिकारिक वाट्सएप चैनल शुरू किया है। यहां विद्यार्थियों और ने अपना सिलेबस को अध्ययन सामग्री, नोट्स और एकेडमिक जानकारी पूरी तरह निशुल्क मिलेगी।

सरकारी सेवकों के लिए 10 से 13 मार्च तक शिविर

अशोकनगर। नव राज्य आनंद संस्थान द्वारा शासकीय सेवकों के लिए 10 से 13 मार्च तक हैदराबाद में हार्टफुलनेस शिविर आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक कर्मचारी मंत्रालयेतरीय पद पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने विभागीय अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा व और प्रशिक्षण शुल्क संस्थान द्वारा वहन किया जाएगा।

आयुष्मान कार्ड अब स्वयं बना सकेंगे पात्र हितग्राही

अशोकनगर। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बना दिया है। अब पात्र हितग्राहियों को कार्ड के लिए सरपंचों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

जिला भाजपा की पत्रकार वार्ता में बजट 2026-27 की उपलब्धियां गिनाई

प्रदेश के बजट पर बोले मंत्री पंवार सर्ववर्गीय कल्याण के लिए बजट

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026-27 का बजट विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प और सर्ववर्गीय कल्याण की भावना के साथ प्रस्तुत किया है। यह बात राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने जिला भाजपा द्वारा स्थानीय शिवानी रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि यह बजट ज्ञानी मीन पर आधारित है। जी-गरीब कल्याणकारी युवा शक्ति, ए-अन्नदाता, एन नारी शक्ति, आई इन्फ्रास्ट्रक्चर और आई इंडस्ट्री को समर्पित है। बजट में मध्य प्रदेश स्पोर्टस पॉलिसी 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। शिक्षण महाविद्यालयों के लिए 3,600 करोड़ रुपये का प्रावधान करते हुए पहली बार आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना का बजट आकलन किया गया है। प्रदेश की जीएसडीपी ने 12 प्रतिशत वृद्धि की भी उन्होंने शाहजनक बताया।

4.5 मिनट इंतजार के बाद डॉक्टर की टीम ने बनाया

प्रत्येक विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य

पंवार ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 4.36 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के 4.21 लाख करोड़ रुपये से लगभग 4

किसानों को सोलर सिंचाई पंप और विद्युत सुविधा

कृषि क्षेत्र के लिए विद्युत मंडल द्वारा 5 एचपी तक के कृषि पंपों तथा एक परिवार कनेक्शन को निशुल्क बिजली उपलब्ध कराने हेतु 5,276 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जलनिर्भरता मिशन के अंतर्गत 336 करोड़, सम्बलिन-नूल्ह पर योजना भुगतान हेतु 150 करोड़ तथा सहकारी बैंकों के माध्यम से अल्पावधिक ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 21 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के तहत 3,000 करोड़ रुपये की लागत से सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध कराए जाएंगे।

लाड़ली बहनों और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष फोकस

शिक्षा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विभुता, पुनर्वास एवं आपदाप्रबंधन वर्ग के लिए 1,601 करोड़ रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2,557 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए 1,801 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के अंतर्गत 23,853 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिया जाने वाला कर्ज निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूंजीगत विकास के लिए होता है। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत 80 स्थान चिन्हित किए गए हैं।

जिले में भी विकास कार्यों को गति

मंत्री श्री पंवार ने बताया कि ब्यावरा, कुरावर, खारगपुर और राजगढ़ स्थित विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों में अतिक्रमित जमा एवं लेन निर्माण के लिए बजट प्रावधान किया गया है। भाजपा ने प्रमुख मार्गों का निर्माण, नर्सिंगगढ़ चौराहे के पास पार्किंग नहीं पर लोहा पुल, राजगढ़ में भी बाईपास बनवाना तथा खारगपुर और खिलचीपुर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिले में नियोगी बेतार स्वास्थ्य सुविधा

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि जिले के लोगों को विभागी संबंधित सेवाओं के लाभों को जिले के बाहर भटकना पड़ रहा था। लेकिन हमने लगातार प्रयासों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराने के लिए शासन शासकार ने नए अस्पताल खोले हैं जिसमें ब्यावर में ट्रामा सेंटर और सर्वसुविधा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, वही सारंगपुर और राजगढ़ में भी सर्वसुविधा सुविधा मरीजों को आसानी से उपलब्ध होगी।

मारपीट में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत - हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर,

पड़ाना गांव में पूर्व में हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद मामला गरमा गया है। रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। ज्ञापन में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने तथा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी अनुसार 1 नवंबर 2025 को ग्राम पड़ाना निवासी निवासी कमल सिंह समेत के साथ मारपीट की घटना हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी।

आरोप है कि घटना के बाद से आरोपी पक्ष द्वारा लगातार परिवार को धमकाया जा रहा था। घायल का इलाज इंदौर में चल रहा था, बाद में हालत बिगड़ने पर सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों घंटे कीएम हालत के बाहर परिजनों ने हंगामा किया। इस बीच तहसीलदार आकाश शर्मा थाना प्रभारी आकाश द्वारा ने समझाइश दी लेकिन नहीं माने, उसके बाद युवक के परिजन सहित उपचार के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की है कि दर्ज प्रकरण में इरादा की धारा तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं जोड़ी जाएं और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उपचार में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति, दोनों पक्षों को निःशुल्क उच्च शिक्षा, परिवार को कृषि योग्य भूमि आवंटन, एक सदस्य को शासकीय नौकरी तथा एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परिवार ने इलाज के लिए निजी जमीन बेच दी थी, जिसे बहाल कराने की मांग की गई है। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सात फीट ऊपर पेड़ पर लटकी, दोनों सवार गंभीर घायल

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

जिले के ईसागढ़ रोड पर इमलाई के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक करीब सात फीट ऊपर बबूल के पेड़ पर जा लटकी, जबकि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह घटना शनिवार शाम को हुई। राजस्व निवासी मनीष यादव अपनी बाइक से गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के अनंतसिंह कोपल खेत के कच्चे रास्ते से मुख्य मार्ग पर आ गए। आमने-सामने टकराई थी बाइक तेज रफ्तार के कारण दोनों बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठे और उनकी गाड़ियां आमने-सामने टकरा गईं।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष की राइडर बाइक उछलकर सीधे 7 फीट ऊपर पेड़ की डालियों में जा फंसी।

मौके पर मौजूद राहगीरों ने दोनों गंभीर घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। उनका इलाज जारी है। पेड़ पर लटकी बाइक पूरे दिन लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

खुशियों के ओटले पर 90 जरूरतमंदों को वितरित की चप्पल

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावर

जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटले ने रविवार को सेवा का एक और प्रेरणादायी कार्य किया गया। संस्था द्वारा 90 जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चियों को नई चप्पलें एवं सैंडल वितरित किए गए। संस्था के संचालक डॉ. कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर स्थित एमडी इंडस्ट्रीज द्वारा संस्था को 200 जोड़ी नई चप्पलें सेवा कार्य हेतु

भेजी गई हैं। इन्हें गरीब एवं जरूरतमंद लोगों में बराबरबद्ध तरीके से वितरित किया जा रहा है।

रविवार को इनमें से 90 जोड़ी चप्पलों का वितरण किया गया, शेष चप्पलें भी शीघ्र ही जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएंगी। चप्पल प्राप्त कर महिलाओं और बच्चियों के चेहरों पर विशेष खुशी देखने को मिली। संस्था संचालक कुलदीप ने बताया कि खुशियों का ओटला उसी कार्य समय से चप्पलों की आवश्यकता थी और आज जब उसे नए सैंडल मिले तो वह बहुत खुश हुई। डॉ. सिंह ने बताया कि संस्था निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्य करती रहती है और समाज के खुशियों का ओटला सहयोग से जरूरतमंदों की सहायता जैसे रोजाना संस्था द्वारा खुशियों की रोटी के माध्यम से 100 लोगों को भोजन बांटने का कार्य ब्यावर पोस्ट ऑफिस के सामने चलाया जा रहा है।

तुलसी सरोवर में एक महीने के भीतर शुरू होगा नौका विहार्य सेल्फी पॉइंट, विसर्जन कुंड भी होंगे तैयार

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

शहर के सौंदर्य और पर्यटन को नई ऊंचाइयां देने के लिए नगर पालिका परिषद पूरी तरह से तैयार है। तुलसी सरोवर तालाब में बोटिंग नौकाविहार शुरू करने की तकनीकी सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही सरोवर के पानी में नावें उतारीएंगे जिससे शहरवासियों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म होगा।

तैयारियां पूरीए बस बोट आने का है इंतजार

भोपाल से आई तकनीकी टीम ने नगर पालिका अध्यक्ष नीरज लोरिवार, सीएमओ विनोद उपाध्याय और लाइसेंसिंग की मौजूदगी में अंतिम जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष लोरिवार ने बताया कि बोटिंग के लिए सभी जरूरी ऑपरेशनल पूर्ण कर ली गई हैं। अब सिर्फ बोट का आना शेष है जिसके बाद अगले एक महीने के भीतर बोटिंग सेवा औपचारिक रूप से शुरू कर दी जाएगी। आकर्षण का केंद्र

बनेगा नया सेल्फी पॉइंट और विसर्जन कुंड: 'सेल्फी पॉइंट ही नहीं, बल्कि किनारे को और भी भव्य बनाया जा रहा है। तालाब के पास ही एक आधुनिक विसर्जन कुंड का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। समय सीमा विसर्जन कुंड का कार्य भी एक महीने के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। विशेष आकर्षण बनी एक खानदार सेल्फी पॉइंट भी बनाया जा रहा है जो युवाओं और परिवारों के लिए मुख्य आकर्षण होगा।

नगर पालिका की ओर से शहरवासियों को सौगात

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण की इस मुहिम से तुलसी सरोवर का कायाकल्प हो जाएगा। विसर्जन कुंड बनने से नहीं धार्मिक आस्थाओं को सम्मान मिलेगा और तालाब का पानी साफ रखकर वहां सेल्फी पॉइंट शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाएगा। यह पूरी प्रक्रियाएं जल्द ही अध्यक्ष पालिका द्वारा आम जनता को सुपुर्द कर दी जाएंगी। कार्यक्रम समाप्त

अधिकारियों को मशीनरी और बेहतर सुविधा देना हमारा लक्ष्य है। अगले 30 दिनों में तुलसी सरोवर पर्यटन पूरी तरह अलग रूप और आकर्षक होगा।

कलेक्ट्रेट में कई जगह खुले पड़े नालियों और वाल्वों के चेंबर

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

स्थानीय कलेक्टोरेट परिसर में खुले पड़े नालियों के चेंबरों से इन दिनों दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। इन खुले हुए चेंबरों में कभी भी कोई बाईक सवार या पैदल राहगीर गिरकर हादसे का शिकार हो सकता है। इसके साथ ही चार पहिया वाहनों के गाड़ियां भी इनमें जाने से वाहन क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर में यह हाल सिर्फ एक ही स्थान पर नहीं है बल्कि एसडीएम की गुलाबलेकी ग्राम के ठीक सामने, एवं पेंशन

कार्यालय के पीछे के हिस्से, जिला निर्वाचन कार्यालय के सामनेखुले चेंबर खुले पड़े हुए हैं। कलेक्टोरेट परिसर का मेन गेट देखने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों का ध्यान अभी तक इस लापरवाही की तरफ नहीं गया है। अगर इन खुले पड़े चेंबरों को जालियों या अन्य किसी माध्यम से कवर्ड कराया दिया तो संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा आशंका

इन खुले चेंबरों में बाईक सवारों, कारों से ज्यादा पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा संभावना बनी हुई है। दिन के समय तो ये खुले चेंबर नजर आ जाते हैं लेकिन रात्रि के समय नजर नहीं आने पर कोई भी इनमें गिरकर घायल हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट की बिल्डिंग शाखाओं सहित एसडीएम ऑफ ने कार्य कभी देर रात या रात्रि तक कार्यरत कार्य करते रहते हैं। खुले चेंबर नजर न आने से वे इनमें गिरकर घोटित हो सकते हैं।

मिसाल कायम

शहर में मालाकार समाज के अध्यक्ष पद के चुनाव ने इस बार परंपरा से हटकर नई मिसाल कायम की।

भगवान के सामने वोट, मंदिर में मतपेटी रखी...! अध्यक्ष चुनने कतार में लगे 238 परिवारों के मतदाता

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़,खलीपुर

खिलचीपुर शहर में मालाकार समाज के अध्यक्ष पद के चुनाव ने इस बार परंपरा से हटकर नई मिसाल कायम की। सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुनने वाले समाज ने इस बार मतदान की प्रक्रिया अपनाई। आस्था के केंद्र मंदिर को मतदान स्थल बनाकर भगवान के सामने मतपेटी रखी गई, जहां 238 परिवारों के मालाकार कतार में उनकर अपने मताधिकार का उपयोग करते नजर आए। बस स्टैंड जाने वाली गली स्थित कुल माली समाज के रघुनाथ जी महाराज मंदिर को अस्थायी मतदान केंद्र

बनाया गया। रविवार सुबह मतदान शुरू होते ही बुजुर्ग, युवा व महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। अनुशासन बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर के बाहर 100 मीटर की परिधि में भीड़ एकत्रित होने पर रोक रखी गई, जिससे व्यवस्था बनी रही।

मालाकार समाजजनों ने किया मतदान, बुजुर्ग बोले- भगवान के सामने गलत वोट नहीं डाल सकते

मंदिर के भीतर टेबल पर बैठे अधिकारी

मंदिर के भीतर एक टेबल पर समाज के चार सदस्य तैनात रहे। पहले मतदाता सूची से नाम मिलान कर हस्ताक्षर कराए गए, फिर बैलेट पेपर दिया गया। मत पत्र पर तीनों प्रत्याशियों के नाम व फोटो के साथ नोटा का विकल्प अंकित रहा। मतदाताओं ने गोपनीयता रखते हुए पर्दे के पीछे अपनी पसंद दर्ज की और भगवान के सामने रखी मतपेटी में मत डाला। कई बुजुर्गों ने कहा कि भगवान को साक्षी मानकर दिया गया वोट गलत नहीं हो सकता।

पेनेके कोकिलाल अध्यक्ष पद के चुनाव में नरेंद्र मालाकार को 120 मत प्राप्त हुए और उन्हें विजयी घोषित किया गया। शंभु मालाकार को 64 मत मिले, जबकि नरेंद्र पुष्पार (तुंगिया) को 62 मत प्राप्त हुए। नोटा के पक्ष में 1 मत पड़ा। मतदान के दौरान 1 मत निरस्त किया गया। सभी 238 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

इसलिए अपनाई पारदर्शी प्रक्रिया

समाज के वरिष्ठ लोगों का कहना है कि समय के साथ सोच बदली है। अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक दावेदार सामने आने के बाद पारदर्शी प्रक्रिया जरूरी लगी। मतदान के जरिए पूरा समाज ने ये संदेश दिया कि नेतृत्व चयन में हर परिवार की भागीदारी अहम है। अध्यक्ष पद के लिए शंभु मालाकार, मनोज मालाकार व नरेंद्र मालाकार ने नामांकन दाखिल किया था। खास बात ये रही कि मतदाताओं को नोटा का विकल्प भी दिया गया।

3 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों का मंत्री पंवार और सांसद ने किया भूमिपूजन

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावर

नगर में आज विकास की नई गति देते हुए मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं सांसद रोडमल नागर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत 290 पात्र हितग्राहियों को भवन निर्माण हेतु हितलाभ राशि का वितरण किया। साथ ही नगर के चहुंमुखी विकास के लिए 3 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक राशि की लागत से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन भी संपन्न हुआ।

संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध सरपंचर

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि नगर की जनसंख्या निरंतर बढ़ रही है और उसी अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी विधानसभा के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक नागरिक का विकास करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि शहर और विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का व्यापक निर्माण एवं उन्नयन कार्य जारी है। ब्यावरा शहर की सबसे बड़ी आवश्यकता शुद्ध पेयजल को ध्यान में रखते हुए नोहनपुरा परियोजना के अंतर्गत लगभग 33 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली पेयजल योजना आगामी दो वर्षों में पूर्ण होकर शहर को अगले 50 वर्षों तक पेयजल

उपलब्ध कराएगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि ब्यावर शासकीय चिकित्सालय में नया ट्रॉमा सेंटर शीघ्र ही संचालित होगा। शिक्षा के उत्कृष्टतम्रीय प्रगति हुई है, जहां सामीण अंचल से अध्ययन हेतु आने वाली बालिकाओं के लिए 100 बेड का कन्या छात्रावास उपलब्ध कराया गया है।